जन सुनवाई का कार्यवाही विवरण

भारत सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन अधिसूचना दिनांक 14/09/2006 व इसकी संशोधित अधिसूचनाओं में वर्णित प्रावधानों के अंतर्गत प्रस्तावित **चूना–पत्थर खनन परियोजना मैसर्स अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड, ब्लॉक नंबर– HPB20, प्रस्तावित क्षेत्र– 547.5512 हेक्टेयर, प्रस्तावित उत्पादन क्षमता के साथ–3.00 मिलियन टीपीए, निकट गांव– हरीमा, सरासनी एवं सोमणा, तहसील– डेह एवं नागौर, जिला– नागौर (राज.) में स्थित है, चूना पत्थर खनन** की पर्यावरण स्वीकृति हेतु जनसुनवाई जिला कलेक्टर, नागौर के प्रतिनिधि श्री चम्पालाल जीनगर, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, नागौर की अध्यक्षता में एवं श्री राजकुमार मीणा, क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, नागौर की उपस्थिति में **राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, सरासनी, तहसील– नागौर, जिला नागौर** में **दिनांक 06/02/2026 को सायं 04:00 बजे** आयोजित की गई।

जन सुनवाई में उपस्थित व्यक्तियो का विवरण मय हस्ताक्षर **परिशिष्ट "अ"** पर संलग्न है। जनसुनवाई बाबत विज्ञप्ति समाचार पत्र **"दैनिक भास्कर" एवं "राजस्थान पत्रिका" में दिनांक "01/01/2026"** को प्रकाशित करवाई गई थी, जिनकी प्रतियाँ **परिशिष्ट "ब"** पर सलंग्न है।

बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्ड़ल, नागौर ने सभी आगुन्तकों का स्वागत करते हुए अवगत करवाया कि उक्त जनसुनवाई भारत सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन अधिसूचना दिनांक 14/09/2006 व इसकी संशोधित अधिसूचनाओं में वर्णित प्रावधानों के अंतर्गत क्षेत्रीय कार्यालय, नागौर द्वारा आयोजित की जा रही है, जिसमें जिला कलेक्टर महोदय की तरफ से अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, नागौर को प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। उक्त जन सुनवाई की सूचना दो समाचार पत्रों में 30 दिवस पूर्व दी जा चुकी है। क्षेत्रीय अधिकारी महोदय द्वारा उपस्थित जनसमुदाय को बताया गया कि उक्त खनन परियोजना से सम्बन्धित सम्पूर्ण जानकारी खनन परियोजना के पर्यावरणीय तकनीकी सलाहकार द्वारा दी जायेगी। सभी जानकारी को ध्यानपूर्वक सुनने के पश्चात उपस्थित आमजन खनन परियोजना के सम्बन्ध में आपत्ति या

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल,
नागौर (राज.)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
नागौर (राज.)

सुझाव दर्ज करवा सकते है। उक्त जनसुनवाई की विडियोग्राफी भी करवाई जा रही है। जनसुनवाई विडियोग्राफी एवं दिये गये आक्षेप/सुझाव क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार (MoEF&CC), नई दिल्ली को प्रेषित कर दिये जायेंगे। इसके पश्चात अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट महोदय की अनुमति से प्रस्तावित परियोजना के सम्बन्ध में विस्तृत प्रस्तुतिकरण हेतु **मैसर्स अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड** के पर्यावरणीय तकनीकी सलाहकार **मैसर्स जे.एम. एनवायरोनेट प्राईवेट लिमिटेड** को आंमत्रित किया गया।

परियोजना के पर्यावरणीय तकनीकी सलाहकार **मैसर्स जे.एम. एनवायरोनेट प्राईवेट लिमिटेड** के प्रतिनिधि द्वारा खनन परियोजना का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया, जिसके अन्तर्गत बताया गया कि उक्त खनन परियोजना **निकट गांव– हरीमा, सरासनी एवं सोमणा, तहसील– डेह एवं नागौर, जिला– नागौर (राज.)** में खनिज– **चूना–पत्थर खनन** हेतु प्रस्तावित है, जिसका **ब्लॉक नंबर– HPB20, प्रस्तावित क्षेत्र– 547.5512 हेक्टेयर, प्रस्तावित उत्पादन क्षमता के साथ–3.00 मिलियन टीपीए, निकट गांव– हरीमा, सरासनी एवं सोमणा, तहसील– डेह एवं नागौर, जिला– नागौर (राज.) में स्थित है, चूना पत्थर खनन** परियोजना है। तत्पश्चात पर्यावरणीय सलाहकार ने खान की अवधि, खान का परिचय, खनन योजना, परियोजना का विवरण मय नक्शा, खनिज भण्डार, खनन प्रक्रिया, जलवायु, जल बहाव, ढांचा और खनन गतिविधियों के द्वारा जैव विविधता, मिट्टी, पर्यावरणीय, वायु और ध्वनि पर्यावरण पर प्रभाव एवं उनके शमीकरण/रोकथाम के उपायों के बारें में बताया तथा साथ ही पर्यावरणीय मापदंडों की निगरानी कार्यक्रम एवं प्रस्तावित सामाजिक दायित्व (सी.एस.आर) के बारे में बताया।

खनन इकाई के पर्यावरणीय सलाहकार द्वारा खनन परियोजना की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाने के पश्चात क्षेत्रीय अधिकारी महोदय द्वारा जनसुनवाई में उपस्थित समस्त जनसमूह को इस खनन परियोजना के सम्बन्ध में अपने आक्षेप/सुझाव/आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया।

सर्वप्रथम श्री शैलेन्द्र सिंह, ग्राम सरासनी ने कहा कि जैसा कि हम सभी इस बात से अवगत है कि आज यहां अंबुजा सीमेंट लिमिटेड कि पर्यावरण स्वीकृति संबंधित जनसुनवाई है। मेरा निवेदन यह है की जनसुनवाई तो सभी करते हैं, परंतु सुनवाई के साथ–साथ लोगों की समस्याओं का समाधान भी होना चाहिए। बात करते हैं पर्यावरण स्वीकृति की तो यहां कंपनियां लगेगी, तो जब कंपनियां लगेगी

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल,
नागौर (राज.)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
नागौर (राज.)

तो नुकसान तो बिल्कुल होगा। इसी नुकसान को कम करने के लिए सरकार द्वारा यह मीटिंग रखी गई है, तो इसमें पर्यावरण को कौन–कौन से नुकसान होंगे? इससे पेड़–पौधों को नुकसान होगा, जिसमें सभी लोग आ जायेंगे। खनन क्षेत्र में आने वाले सभी पेड़ों को कंपनियों द्वारा तुरंत ही काटा जाता है एवं पौधे भी इस वक्त लगाए जाते हैं। मेरा निवेदन यही है कि आप गांव में 5 लाख पौधे ना लगाकर केवल 1 लाख पौधे ही लगाये, लेकिन उन्हें पेड़ बना कर देवें। 3 साल तक का रखरखाव हेतु आदमी एवं पानी की सुविधा देंवे। पहले पेड़ काटकर उसी के बदले पौधे देते हो, यह गलत है। कंपनी द्वारा जब पेड़ काटे जाएंगे तो उससे बारिश की भी कमी आएगी, गांव के तालाब का सौंदर्यकरण करवाये तथा गांव में एक पानी की टंकी की व्यवस्था की जाये। साथ ही असमर्थ परिवारों के घरों में टांका निर्माण कार्य करवाया जाये। क्षेत्र में खेजड़ी का उपयोग खेती के रूप में भी किया जाता है क्योंकि इससे लूंग एवं सांगरी प्राप्त होती है, जिससे बहुत आय होती है। इसलिए किसान को जमीन के साथ–साथ खेजड़ी का भी मुआवजा दिया जाये। सरासनी गांव चारों तरफ से कंपनियों से गिर चुका है, जिससे क्षेत्र के पशु भी प्रभावित होंगे, वह कहां जाएंगे? गांव के गौशाला की भी स्थिति अच्छी नहीं है, जब बारिश आती है तो आधी गायें पानी में रहती है। अतः कंपनी जमीन खरीद कर गायों एवं पशुओं के लिए एक गौशाला का निर्माण करें। खनन के दौरान जो धूल मिट्टी उड़ेगी, उससे आसपास की मृदा भी खराब होगी, जिससे जमीन की उपजाऊ क्षमता कम होगी, चुंकि क्षेत्र के ज्यादातर लोग कृषि पर आधारित हैं, उन्हें तकनीकी ज्ञान दिया जाए एवं अंबुजा भी बाहर से नई–नई तकनीक लाकर गांव में कैंप के माध्यम से खेती को आगे बढ़ाने के लिए जागरूकता बढ़ाये। इस बार भी देखा गया कि तापमान बहुत अधिक गया एवं बारिश बहुत कम हुई। गांव में ग्रीन बेल्ट डेवलप करके अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाए जाये। सरासनी के चारों तरफ कम्पनी है, तो गांव के चारों तरफ पेड़–पौधें लगाये। शमशान भूमि का भी सौंदर्यकरण करवा कर ब्लॉक का काम किया जाये एवं साथ में साफ–सफाई भी करवाई जाये। गांव के युवाओं के लिए अंबुजा कंपनी अपनी जमीन खरीद कर खेल मैदान का निर्माण करवाये एवं इस स्कूल में एक बास्केटबॉल ग्राउंड का निर्माण किया जाए तथा इसी स्कूल के अंदर एक टांके की भी व्यवस्था की जाये। बच्चों को खेल किट वितरण करें। गांव के युवाओ को आगे बढ़ाने के लिए खेल मैदान एवं ओपन जीम बनाया जाये, जिससे युवा नशे की प्रवृति से दूर रहकर खेल में व्यस्त हो। शिक्षा के विकास हेतु गांव में लाईब्रेरी बनाई जाये, जिससे युवा प्रगृति कर सकें। चाहें तो

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल,
नागौर (राज.)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
नागौर (राज.)

इस कम्पनी में लगे या बड़े प्रशासनिक अधिकारी बने। जब रोजगार के लिए कम्पनी में जाते है तो स्किल की कमी आती है, क्योंकि यहां युवा बी.ए., बी.एड. तक ही पढ़ें लिखे है, इसलिए कम्पनी क्षेत्र के युवाओं को कौशल विकास करवा कर रोजगार उपलब्ध करवाये। 80 प्रतिशत स्थानीय लोगों को रोजगार दिया जाये। क्षेत्र का व्यक्ति जब कम्पनी से रोजगार के मांगने जाता है तो कम्पनी वालों का जवाब होता है कि 70 किलोमीटर की रैंज से बाहर का होगा तभी रोजगार दिया जायेगा। एक तरफ बात करते है कि कम्पनियां आयेगी तो रोजगार देगी, लेकिन दूसरी तरफ यह बोलते है कि 70 किलोमीटर तक के आदमी को अन्दर नहीं आने देंगे। साथ ही गांव की सभी लिंक सड़कों सरासनी–खेतोलाव, सरासनी–डेह, सरासनी–हरीमा आदि का कम्पनी निर्माण करवाये। खनन से प्रदूषण होगा तथा इससे क्षेत्र के लोग भी बीमार होंगे, तो चिकित्सालय में भी अच्छी सुविधाऐं करवाये एवं कम्पनी अपने स्तर पर या सरकार के साथ मिल कर अच्छे डॉक्टरों की नियुक्ति यहां करवाये। जमीन को लेकर बात करे तो देखा गया है कि एससी–एसटी की जमीन को बहुत देरी से ली जाती है, तो उनका पहले ही प्रावधान कर लेवें। साथ ही मुआवजा राशि सभी को एक समान दी जाये, इसके कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। आप बोलते है कि किसानों की जमीन जबरदस्ती नहीं ले सकते, तो कम्पनी किसानों को नोटिस क्यों देती है? यहां दो प्रकार की जमीन होती है, सिंचित एवं असिंचित। आज अगर किसान केसीसी लेने गया तो सरकार का भी प्रावधान होता है कि सिंचित एवं असिंचित की अलग रेट होती है। तो कम्पनी भी इसी प्रकार से सिंचित जमीन को अधिक मुआवजा देवें। गांव के बाहर की तरफ स्थित जोगियों की ढ़ाणी भी माईनिंग एरिया में आ रही है, तो हमारी मांग है कि कम्पनी इनके अन्य स्थान पर घर बना कर देवें। साथ ही गांव की जितनी भी ढ़ाणियां है, उनमें स्ट्रीट लाईटें लगाई जाये एवं पानी की भी व्यवस्था की जायें।

एडीएम महोदय ने कहा कि युवा साथी ने काफी प्रश्न पूछे है, आगे और कोई अपनी बात रखना चाहे तो अपनी बात रखें।

श्री मनोज कुमार, प्रधानाचार्य, स्थानीय विद्यालय ने कहा कि अंबुजा सीमेंट से निवेदन करता हूं कि सीएसआर एवं सीईआर फण्ड इस विद्यालय में गांव के विकास हेतु लगाये। जिसके लिए हमारी निम्न मांगे हैं: कक्षा 1 से आठवीं तक के छोटे बच्चों के भोजन के लिए विद्यालय के पीछे की तरफ एक पक्की भोजनशाला का निर्माण करवाये, जिससे बच्चे व्यवस्थित ढंग से बैठकर विद्यालय के साथ

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल,
नागौर (राज.)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
नागौर(राज.)

अध्ययन एवं अध्यापन कर सके। विद्यालय का पूरा मैदान कच्चा है जिसमें इंटर ब्लॉक लगाये। विद्यालय में निर्मित मंच बिना टीनशैड का है, प्रार्थना स्थल के लिए पक्के टीनशैड का निर्माण किया जाये। स्कूल में पार्किंग व्यवस्था ना होने के कारण 4–4 किलोमीटर दूर तक से आने वाले बच्चों की साइकिल धूप में पंचर हो जाती हैं, उसके लिए स्कूल में साइकिल स्टैंड एवं पार्किंग व्यवस्था की जाये। गांव के युवाओं के लिए खेल के लिए इस स्कूल में पक्के बास्केटबॉल ग्राउंड का निर्माण किया जाये एवं विद्यालय के लिए अलग से भूमि आवंटन करके स्टेडियम का निर्माण करवाया जाये, जिससे यहां के बच्चे उच्च शिक्षा के साथ–साथ खेल जगत में भी नाम रोशन कर सके। इस स्कूल में छोटे बच्चों के लिए प्ले ग्रुप का गार्डन नहीं है, अतः प्ले ग्रुप गार्डन के लिए फिसलपट्टी, झूले एवं विभिन्न प्रकार के व्यायाम के साधन उपलब्ध करवाया जाये। स्कूल में प्ले ग्रुप के बच्चों के लिए फर्नीचर उपलब्ध करवाये। इस गांव के नौजवान एवं विद्वान विद्यार्थियों के लिए गांव के बीच में एक डिजिटल लाइब्रेरी खोलने की व्यवस्था करें, जिससे गांव के लड़के एवं लड़कियां उच्च शिक्षा प्राप्त करके आपकी ही कम्पनी में उच्च पदों तक पहुंच सके। इस स्कूल में भूगोल एवं विज्ञान की प्रयोगशाला खोलकर विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करें। स्कूल की छात्रों के लिए पृथक टॉयलेट, वेंडिंग मशीन एवं इंसीनरेटर मशीन की व्यवस्था की जाये। उच्च माध्यमिक शिक्षा के बाद ग्रामीण परिवेश के बच्चे घर पर ही बैठे रह जाते हैं, इनके लिए गांव में ही एक आईटीआई सेंटर खोले एवं उसमें इलेक्ट्रीशियन, वेंडर एवं फीडर का पद निर्धारित करें, ताकि बच्चे यहां से प्रशिक्षण करके आपकी ही कंपनी में रोजगार प्राप्त कर सकें। मेधावी विद्यार्थियों के लिए, जो 90 प्रतिशत से अधिक अंक वाले हैं, उनके लिए डॉक्टरी एवं इंजीनियरिंग की तैयारी करने के लिए 1 साल की कोचिंग निशुल्क की जाये। सीएसआर फंड इस विद्यालय एवं गांव से बाहर उपयोग में नहीं जाना चाहिए। कंपनी द्वारा केवल सड़क के पास पेड़ पौधे लगाए जा रहे हैं, जबकि गांव में कहीं पर भी ऐसे पेड़ पौधे नहीं लगे हैं जो अलग से दिखे है, केवल नीम एवं बबुल ही पर्यावरण के हित में नहीं है इसके अलावा फूल पत्ती एवं फलदार पौधे भी लगाई जाये। किसानों को उन्नत खेती करने के लिए ट्रेनिंग दी जाये, जिससे किसान उन्नत खेती करके इस गांव का नाम रोशन कर सके एवं आपसे कंधे से कंधा मिलाकर चल सके।

श्री नृसिंहराम, व्याख्याता, ग्राम सोमणा ने कहा कि ब्लॉक HPB-20, हमारे गांव सोमणा में भी आता है। गांव सोमणा में विकास की अपेक्षा के साथ गांव की

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल,
नागौर (राज.)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
नागौर (राज.)

कुछ मांगे हैं– गांव के सार्वजनिक तालाब में बड़े–बड़े पत्थर हैं, जिसके कारण पानी रुकता नहीं है एवं सुख जाता है। खुदाई करके उन पत्थरों को निकालने की कम्पनी द्वारा व्यवस्था की जाये। बच्चों के खेलने के लिए एक अच्छा खेल मैदान बनाया जाये। गांव में सार्वजनिक लाइब्रेरी का निर्माण किया जाये, जिससे स्व अध्ययन करने वाले बच्चें आसानी से पढ़ सके। कोऑपरेटिव सोसाइटी में पानी का हौद बनाया जाए। सार्वजनिक सामुदायिक भवन में पानी का होद एवं शौचालय निर्माण करवाया जाये। कच्चे सार्वजनिक रास्तों पर खुर्रा निर्माण करवाया जाए। गांव में सार्वजनिक रास्तों पर लाइट लगाई जाए। खनन से होने वाली पर्यावरणीय क्षति की भरपाई के लिए गांव में वृक्षारोपण कर उनका सौंदर्यकरण किया जाए। खनन क्षेत्र एवं आसपास के गांव में वर्षा जल संचयन एवं जल संरक्षण के कार्य किया जाए। गांव में स्वच्छ जल की व्यवस्था हेतु योजना लाई जाए।

श्री दिनेश बाज्या, ग्राम खेतोलाव, ग्राम पंचायत गगवाना ने कहा कि श्रीमान जी ग्राम पंचायत गगवाना के ग्राम गगवाना, खेतोलाव व सुरजनियावास, तीनों गांवों को कंपनी के द्वारा कोर विलेज में सम्मिलित किया जाए, ताकि गांव का विकास हो सके। ग्राम पंचायत गगवाना के ग्राम खेतोलाव की 80 प्रतिशत आबादी आज भी खुले में शौच करती है, अतः आर्थिक रूप से कमजोर प्रत्येक घर में शौचालय का निर्माण करवाया जाए। हमारे ग्रामीण क्षेत्र में पीने के पानी का मुख्य स्रोत तालाब है, अभी कंपनी द्वारा तालाब का नक्शा बताया गया। जबकि छाप्पर तालाब के सटा हुआ हनुमान सागर तालाब है, जो खेतोलाव का मुख्य तालाब है, जो अभी कंपनी के नक्शे में ही नहीं है। अतः कंपनी पुनः सर्वे करवाकर हनुमान सागर तालाब को सम्मिलित कर उसका पुनर्निर्माण करें। ग्राम पंचायत गगवाना के तीनों गांव के मूल निवासियों को कंपनी में प्राथमिक आधार पर रोजगार दिया जाए। पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए ग्राम पंचायत के समस्त गांवों की सड़कों के दोनों तरफ, तालाबों में, विद्यालयों एवं गौचर भूमि पर अधिक से अधिक मात्रा में पौधारोपण मय सुरक्षा किया जाए, साथ ही इनका रखरखाव कंपनी कम से कम तीन वर्ष के लिए करें एवं इसका पूरा खर्च वहन करें। ग्राम पंचायत गगवाना के समस्त गांवों के समस्त विद्यालयों के विकास हेतु कमरों का निर्माण, टेबल कुर्सी, जिन विद्यालयों के चार दिवारी नहीं है, उनके चार दिवारी का निर्माण करवाये। विद्यालयों में पानी बिजली की समुचित व्यवस्था करवाये एवं ऑफिशियल कार्य हेतु टेबल कुर्सी व अलमारी की व्यवस्था करवाये। मिड डे मील के रखरखाव हेतु अलग से स्टोर का निर्माण कराये। किचन स्लैब, बर्तन जैसी जरूरतमंद उपयोगी व्यवस्थाएं करवाये।

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल,
नागौर (राज.)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
नागौर (राज.)

साथ ही क्लासरूम को डिजिटल क्लासरूम बनाया जाए। विद्यार्थियों हेतु विद्यालयों को आवंटित खेलकूद के मैदानों को विकसित करवाना तथा खेलकूद मैदानों के चार दिवारी का निर्माण करवाना। ग्राम पंचायत गगवाना के ग्राम खेतोलाव की कुल आबादी 1500 से अधिक है जो मजदूरी पर निर्भर हैं, प्राथमिक उपचार हेतु ग्राम वासियों को दूसरे गांव में जाना पड़ता है, अतः आपसे निवेदन है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ग्राम खेतोलाव में खोला जाए तथा नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करें तथा कंपनी अपने स्तर पर वहां एएनएम की व्यवस्था करवाये। ग्राम पंचायत गगवाना के ग्राम गगवाना, खेतोलाव व सूरजनियावास के मुख्य स्थानों पर हाई मास्क लाइट लगाई जाए। ग्राम पंचायत के तीनों गांवों में सिवरेज लाइन डालने का कार्य किया जाए। ग्राम पंचायत गगवाना के ग्राम खेतोलाव, सुरजनियावास व गगवाना के मुख्यालय पर एक–एक पार्क विकसित किया जाए एवं उसमें युवाओं के दौड़ने के लिए ट्रैक व जिम सेंटर स्थापित किया जाए। ग्राम पंचायत गगवाना के मुख्यालय जोड़ने हेतु ग्राम खेतोलाव तक डामर सड़क का निर्माण किया जाए तथा तीनों गांव की ढाणियों को आपस में जोड़ने के लिए डामर सड़क या ग्रेवल सड़क का निर्माण करवाया जाए। ग्राम पंचायत गगवाना के तीनों गांवों के मुख्यालय पर एक–एक सामुदायिक भवन व लाइब्रेरी का निर्माण किया जाए। किसानों के लिए बेहतर फसल उत्पादन हेतु पॉन्ड ग्रीन हाउस व बूंद बूंद सिंचाई हेतु एक काश्तकार को अधिक से अधिक अनुदान दिया जाए। राज्य सरकार की भांति कृषि यंत्रों के खरीद पर भी अनुदान दिया जाए। फसलों को बचाने के लिए प्रत्येक खेत के मेडबंदी, तारबंदी कंपनी के द्वारा पूर्ण खर्चे पर किया जाए। कृषि उपजाऊ भूमि हेतु किसानो को जैविक खाद व जिप्सम भी अनुदान पर उपलब्ध करावें। ग्राम पंचायत गगवाना के ग्राम खेतोलाव व सुरजनियावास, दोनों गांव के मुख्यालय पर बड़ी टंकी का निर्माण करवाए ताकि पेयजल की समस्या का समाधान मिल सके। ग्राम सुरजनियावास की स्कूल में मात्र 11 कक्षा कक्ष हैं जबकि स्कूल 12वीं तक है और ग्राम खेतोलाव में पांच कक्षा कक्ष हैं एवं स्कूल पांचवी तक है, जिनमें से एक–एक ऑफिस है एवं एक–एक आंगनवाड़ी भवन के लिए है, अतः कक्षा कक्ष का निर्माण करवाये एवं पृथक रूप से दोनों गांवों में आंगनबाड़ी भवन बनवाया जाए। किशोरी बालिकाओं हेतु, पिछली सरकार ने उड़ान जैसी महत्वपूर्ण योजना चलाई थी, लेकिन समय पर सामान नहीं मिलता है, इसलिए सेनेटरी नैपकिन भी उपलब्ध करवाये।

अतिरिक्त जिला कलक्टर
नागौर (राज.)

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल,
नागौर (राज.)

श्री सुभाष रावल, ग्राम गगवाना ने कहा कि हमारे मेघवाल समाज के शमशान भूमि के चार दिवारी निर्माण करवा कर पौधारोपण किया जाए एवं पानी की व्यवस्था हेतु टांकें का निर्माण करवाया जाए। मेघवाल समाज के सामुदायिक भवन, जिस पर पूर्व में अतिक्रमण किया गया था, जिसे तहसीलदार जी की मौजूदगी में सरकार की सहायता से हटवाया, जिसके पुनः निर्माण हेतु सहयोग करें।

श्री त्रिलोकचंद, ग्राम हरीमा ने कहा कि एडीएम महोदय आपकी आवाज पर जनता अपने दुख दर्द सुनाने के लिए यहां आई है। मैं एडीएम महोदय को ही विशेष तौर से अपनी बात सुनाना चाहता हूं, क्योंकि प्रदूषण मंडल एवं कंपनी एक ही थाली के चट्टे–बट्टे हैं, उन्हें हम कोई बात कहें या नहीं कहें, उनके लिए कोई औपचारिक नहीं है। हम यह समझते हैं कि जिला प्रशासन हमारे प्रति उत्तरदायी रहेगा, क्योंकि कंपनियों के बहुत सारे कारनामे हमने देखे हैं एवं चल रहे हैं। हम बात करते हैं इस प्लांट की आवश्यकता की, प्रदूषण मंडल के इस पंपलेट में परियोजना की आवश्यकता लिखी है। मैं यह समझता हूं कि इन्हें इस प्लांट की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि इनकी इंटेग्रिटी बहुत डाउटफुल है, अगर इन्हें आवश्यकता होती तो यह मुंडवा वाला प्लांट क्यों बेचते हैं? यह केवल नफा कमाने के लिए आपकी एवं हमारी जमीनें ले रहे हैं, आगे दूसरे कंपनियों को यह बेचेंगे। पहले मुंडवा वाली अडानी को बेच दी, यह सभी चीज आम जनता के सामने हैं। इनके ऊपर ईडी की कार्रवाई होनी चाहिए, यह केवल नफा कमा रहे हैं, इन्हें जमीन की कोई आवश्यकता नहीं है। अगर इन्हें जमीन की आवश्यकता होती तो यह वह प्लांट डेवलप करते ना कि उसे किसी और को बेचते। पूर्व वक्ताओं ने कहा था कि पेयजल की उपलब्धता करवाई जाए, परंतु पेयजल कंपनी के पास भी नहीं है तथा यह ब्लॉक अति दोहन क्षेत्र में आता है, कम्पनी का कहना है कि कंपनी स्वयं वर्षा जल से पानी की व्यवस्था करेगी, पानी तो अब यहां लोगों की टांकों में भी नहीं आ रहा है, तो यहां बरसात का पानी कहां से आएगा? कंपनी द्वारा केवल भ्रमित किया जा रहा है, मैं एडीएम महोदय को इसलिए अवगत करवाना चाहता हूं क्योंकि प्रशासन जनता के प्रति जवाबदार हैं। हम प्रशासन की उपस्थिति में ही यहां आए, वरना कंपनी वाले यहां रोज घूमते हैं। अभी यहां बात चल रही थी कि एक आदमी की साख देखी जाती है, तो अंबुजा के मुख्य संयंत्र के पास के रूपासर, खेण, ईनाणा, डिडिया, भदाणा आदि गांवों की स्कूलों में इन्होंने क्या किया, फिर आप इनसे क्या ही मांग कर रहे हो। आप लोगों के पास जो भी है, वह भी यह ले जायेंगे। आप इनसे मांगते हैं कि हमारे यहां पौधे लगा दें तो आपके गांव में जो पूर्व

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल,
नागौर (राज.)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
नागौर (राज.)

के प्राकृतिक पेड़ पौधे हैं, वह भी कंपनी समाप्त कर देगी। कम्पनी की कोई इंटेग्रिटी नहीं हैं।

श्री शैतानराम ईनाणियां, ग्राम ईनाणा ने कहा कि एडीएम महोदय कंपनी प्रतिनिधि आपके सामने सरासर झूठ बोल रहे हैं, इसलिए मुझे दुख हो रहा है। पूर्व में जब ग्राम हरीमा में अंबुजा कंपनी की जनसुनवाई हुई, तो कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा कहा गया था कि हम योग्यता अनुसार रोजगार देंगे। मेरे तीन बेटे इंजीनियर एवं एक बेटी डॉक्टर हैं, मैंने कंपनी से एक नौकरी मांगी थी, इन्होंने वह भी नहीं दी। 2016 में जब रूपासर एवं ईनाणा की जमीन खरीदी गई, उस वक्त कंपनी ने कहा था कि जिसकी भी जमीन गई है, उसके प्रत्येक घर से एक को रोजगार देंगे, जुलाई 2016 में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, रूपासर में शिविर आयोजित करके प्रत्येक घर से योग्य एवं नौकरी चाहने वाले बच्चों के डॉक्यूमेंट लिए गए, तब हमने डॉक्यूमेंट दिए थे, आज इनसे पूछा जाए कि उन डॉक्यूमेंट का क्या हुआ, किन लोगों को नौकरी दी गई? जिनकी जमीनें गई उनमें से एक को भी नौकरी नहीं दी गई है। एडीएम महोदय आपके सामने अभी और झूठा वादा कर रहे हैं कि हम रोजगार देंगे, जो रोजगार पहले दिया है, वह तो बताएं। हरीमा की पूर्व जनसुनवाई में आप भी उपस्थित थे एवं उस वक्त भी मैंने यह बात कही थीं एवं एक नौकरी मांगी थी तथा मेरी 75 बीघा जमीन कंपनी में गई है। बताया जाए क्यों एक रोजगार भी नहीं दिया जबकि योग्यता में कोई कमी नहीं थी। 3 बच्चे इंजीनियर हैं, नौकरी केवल एक के लिए मांगी थी, किसी को भी दे देते हैं। वायु प्रदूषण की बात करें तो जब कंपनी भट्टी लगाती है, तो क्या उससे वायु प्रदूषण नहीं होता? रूपासर की माइनिंग लीज से तीन–तीन किलोमीटर तक धुल जाती है, जब ट्रकों को रोका जाता है, केवल उस समय थोड़ा सा पानी डाल देते हैं। लीज एरिया के दो–दो किलोमीटर तक के मकानों में दरारें आ चुकी है तथा सभी टांके टूट गये हैं। आप सभी को पूर्व में भी इस संबंध में अवगत करवाया गया है तथा एसडीएम महोदय ने तहसीलदार जी के नेतृत्व में इसका सर्वे भी करवाया तथा कहा गया कि टांका ठीक करवा दिया जाएगा, परंतु आज तक एक भी टांका ठीक नहीं करवाया गया है, सभी बड़े–बड़े टांकें थे, जो टूट चुके हैं, जिससे पेयजल की समस्या भी रहती है। जिनके जमीन भी नहीं ली, उनको भी यह प्रभावित कर रहे हैं, ब्लास्टिंग से 10–10 किलोमीटर तक कंपन जाता है। कंपनी द्वारा यह कहां जा रहा है कि हम किसी से भी जमीन जबरदस्ती नहीं लेते हैं, तो खसरा नंबर 1942,

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल,
नागौर (राज.)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
नागौर (राज.)

1875, 1882, 1903 एवं 1907, 1912, इन किसानों ने अपनी जमीन नहीं दी, परंतु फिर भी कोर्ट से म्यूटेशन कंपनी के नाम हो गया, ये कैसे हो रहा है?

एडीएम महोदय ने कहा कि कुछ चीजें मुझे भी पता है, लेकिन यह भूमि आवाप्ति का मामला है, लेकिन यहां पर भूमि आवाप्त नहीं हो रही है।

श्री शैतानराम ईनाणियां, ग्राम ईनाणा ने कहा कि हमने अपनी मर्जी से कुछ नहीं कहा है, कम्पनी प्रतिनिधि ही बोल रहे है, कि हम जबदस्ती नहीं करेंगे।

एडीएम महोदय ने कहा कि और कोई व्यक्ति अपनी बात रखना चाहे, तो संक्षिप्त में अपनी बात कहें।

श्री परमेश्वर चौधरी, ग्राम सरासनी ने कहा कि पूर्व में हमारे गांव की गौचर भूमि राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार खसरा नम्बर 203, जो खनन क्षेत्र से दूर पिथासिया गांव के पास थी। हमारे गांव की गायें खनन क्षेत्र को पार करके पिथासिया गांव तक नहीं पहुंच सकती है। अतः मेरा आपसे आग्रह है कि गौचर भूमि को गांव में ही जलाशय के पास ही स्थापित कर उसकी किस्म बदली जाये। हमारे राज्य वृक्ष खेजड़ी को नहीं काटा जाना चाहिए, केन्द्र सरकार द्वारा सांगरी को जियो टैक दिया गया है। वर्तमान में राजस्थान में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी खेजड़ी बचाने के लिए आंदोलित है।

श्री सहीराम बाना, ग्राम भदाणा ने कहा कि अतिरिक्त जिला कलेक्टर महोदय, अंबुजा सीमेंट लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित चूना पत्थर खदान के संदर्भ में ग्रामों में सामाजिक विकास संबंधी सुझावः ग्राम पंचायत भदाणा को भी सीएसआर एवं सीईआर में सम्मिलित किया जाये। जल संरक्षण के लिए गांव में तालाबों का पुनर्निर्माण व तालाब के पेंदे का निर्माण किया जाये। सार्वजनिक स्थल पर पार्क की व्यवस्था की जाये। कम्पनी किसानों को साथ लेकर, तालमेल बिठा कर उचित मूल्य पर जमीन खरीदें। आसपास के 20 किलोमीटर के दायरें के सभी भदाणा, जिन्दास, हरीमा, गगवाना, पिथासिया, खेतोलाव, डेह, सोमणा, सरासनी आदि सभी गांवों के किसानों को साथ लेकर कम्पनी कार्य करें।

कैप्टन मेघाराम, ग्राम सरासनी ने कहा कि किरपा की ढ़ाणियों से सम्बन्धित निम्न मांगें है– किरपा की ढ़ाणियों में खुर्रा का निर्माण, रोड़ लाईट, स्कूल के

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल,
नागौर (राज.)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
नागौर (राज.)

बाउण्ड्री, पेड़–पौधा एवं आवश्यक सामान। पीने एवं इस्तेमाल के पानी व्यवस्था तथा शमसान भूमि पर मोक्ष धाम का निर्माण।

श्री अनिल बारूपाल, ग्राम डेह ने कहा कि अंबुजा सीमेंट द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जो रिपोर्ट तैयार की गई है, इसमें बहुत सारे तथ्य छुपाकर जनता के मन में शक का बीज बौ दिया है, कम्पनी की कथनी एवं करनी में बहुत अन्तर हैं। पूर्व में जब मूण्डवा में कम्पनी स्थापित हुई, स्थानीय लोगों को रोजगार देने की बात थी, लेकिन आज कितने स्थानीय व्यक्ति वहां काम कर रहे है। आज यहां कम्पनी रिपोर्ट में नाड़े, नाडियां एवं तालाबों की संख्या छुपाने का काम किया है, यहां पेड़–पौधे, वृक्ष व झाडियां, उनकी कौन–कौन सी प्रजातियां है, कौन–कौन से वन्यजीव यहां विचरण करते है, इन सभी में बहुत सारे तथ्य छुपाये गये है। कंपनी द्वारा मुश्किल से 6 नाड़े एवं नडियां बताई है, जबकि इस 10 किलोमीटर के एरिया में कम से कम 15 बड़े तालाब एवं 20–25 छोटी नड़ियां/नाड़े हैं। इसके अतिरिक्त आपके खनन क्षेत्र में बहुतायात में खेजड़ी है, खेजड़ी कितनी महत्वपूर्ण है यह सभी जानते हैं। खेजड़ी के लिए पूरे राजस्थान में एवं बीकानेर में बड़ा आंदोलन चल रहा है, जिसमें लाखों की संख्या में जनसैलाब खेजड़ी बचाने के लिए बैठा हैं, इस क्षेत्र में एक बीघा में कम से कम 8 से 10 खेजड़ी वृक्ष होते हैं तथा यह ब्लॉक एचपीबी 20 कम से कम 3000 बीघा से ज्यादा है, इससे कितने सारे पेड़ संकट की स्थिति में आ जाएंगे? खेजड़ी राजस्थान के राज्य वृक्ष के साथ--साथ रेगिस्तान का कल्पवृक्ष भी है, खेजड़ी का लुंग पशु चारण के लिए काम आता है, इसकी लकड़ी ईंधन के काम आती है तथा खेजड़ी वृक्ष को हिंदू धर्म में पूज्य माना जाता है। खेजड़ी को जनता से अलग नहीं किया जा सकता, जो व्यक्ति खेती अथवा पशुपालन करता है, उसके लिए खेजड़ी बहुत महत्वपूर्ण है। खेजड़ी को बचाने के लिए अगर जरूरत पड़े, तो हम यहां भी आंदोलन करने के लिए तैयार हैं। इसके अतिरिक्त कंपनी द्वारा वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की अनुसूची प्रथम में आने वाले बहुत से तथ्य छुपाए गए हैं। कंपनी द्वारा कहां गया है कि इस क्षेत्र में कोई वन्य क्षेत्र नहीं है, जबकि यहां एक बड़ा वन्य क्षेत्र सभी के ध्यान में होगा, पद्मश्री श्री हिम्मताराम जी भाम्भू द्वारा विकसित पर्यावरण प्रशिक्षण केंद्र, जिसमें हजारों की संख्या में पेड़ पौधे मौजूद हैं तथा वन्य जीव भी बहुतायत में है, जो इसी क्षेत्र में विचरण करते हैं। अगर क्षेत्र में खनन किया जाएगा तो वह पशु, पक्षी, जीव कहां जाएंगे? कंपनी द्वारा इन सभी तथ्यों को छुपाने की कोशिश की गई है। मोर, जो वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की अनुसूची प्रथम का वन्य जीव है, उसे कोई

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल,
नागौर (राज.)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
नागौर (राज.)

नुकसान नहीं पहुंचा सकते तथा कानून में उसके लिए विशेष प्रावधान भी है, अगर उसे नुकसान पहुंचाया जाए अथवा मारा जाए, तो उसके लिए 7 साल की सजा का भी प्रावधान है। इस पर्यावरण प्रशिक्षण केंद्र में हजारों की संख्या में मोर है जो इन्हीं पेड़ पौधों पर निवास करते हैं, अगर आपने यह क्षेत्र खुर्द–बुर्द कर दिया, तो उनका जीवन संकट की स्थिति में आ जाएगा, जो हम कत्ही बर्दाश्त नहीं करेंगे। गांव से गांव को जोड़ने वाले गवाई रास्तों को कंपनी अपने उपयोग में नहीं ले सकती, अगर आप खनन के लिए जमीन ले रहे हैं, तो आपको रास्तों के लिए भी जमीन लेनी पड़ेगी। खनन ब्लॉक के अलावा भी अगर इसमें जमीन जाएगी, तो किसानों को मुआवजा मिलेगा तथा किसानों को और फायदा होगा। कंपनी हमें लिखित में देवें कि आप गवाई रास्तों का उपयोग नहीं करोगे, कटाणी रास्तों को बंद करने का प्रयास नहीं करोगे। यहां एक अंबुजा कंपनी, इससे पहले इमामी जो वर्तमान नाम एनयू एवं श्री सीमेंट जो अभी आ रही है, तथा हाल ही में जेएसडब्ल्यू सीमेंट का प्लांट लग रहा है उसने काफी कटाणी रास्तों को बंद करने का काम किया है। यह मुद्दा इससे संबंधित नहीं है, परंतु एडीएम महोदय के ध्यान में लाने के लिए बताना चाहूंगा कि जेएसडब्ल्यू सीमेंट लिमिटेड का कन्वेयर बेल्ट हरीमा के गवाई कुएं के ऊपर से गुजर रहा है, वहां कटाणी रास्ता है, वहां किसानों को तंग एवं परेशान करके उस जमीन को हड़पने का प्रयास किया जा रहा है। कंपनी द्वारा बताया गया था कि किसानों की सहमति से रेट तय करके जमीन ली जाएगी, परंतु प्रशासन द्वारा जब किसान जमीन देने को सहमत नहीं है तो धारा 88 का डर दिखाकर जबरन जमीन लेने का प्रयास किया जा रहा है, यह अन्याय है, किसानों के प्रति थोड़ी सहानुभूति रखें। प्रस्तावित ब्लॉक के कुल खनन क्षेत्र 547.55 हेक्टर में से 72 हेक्टर चारागाह भूमि है, चारागाह भूमि के बदले अन्य चारागाह भूमि उस क्षेत्र के आसपास ही देवें, ऐसा ना हो कि ऐसी जगह भूमि दे दो, जहां जाने के लिए रास्ता नहीं हो। पुराने समय में लोग अपनी स्वयं इच्छा से गोचर के लिए भूमि छोड़ देते थे एवं अब कंपनियां आई है जिनकी सबसे पहले नजर गोचर भूमि पर जाती है। प्रस्तावित खनन क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रशासन तथा पर्यावरण सुरक्षा की जाएगी के शब्दों तक सीमित रखा जा रहा है, आपकी यह जो जनसुनवाई है इसमें सभी मानकों के अंतर्गत पर्यावरण सुरक्षा उपलब्ध करवाएंगे, यह आश्वासन दिया जा रहा है। खनन में ब्लास्टिंग के दौरान जो डस्ट उड़ेगी उसके प्रति एवं लोगों के स्वास्थ्य के प्रति कंपनी क्या करेगी उसकी पहले से तैयार कार्य प्रणाली नहीं है। लोगों के स्वास्थ्य की जांच एक बार अभी होनी चाहिए तथा एक खनन के बाद,

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल,
नागौर (राज.)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
नागौर (राज.)

जिससे खनन के दौरान लोगों के स्वास्थ्य पर कितना दुष्प्रभाव पड़ा स्पष्ट हो जाएगा। इस प्रस्तावित खनन क्षेत्र में पर्यावरण स्वीकृति से पूर्व एक क्षेत्रीय अनुमति अभियान, पब्लिक से डोर टू डोर सर्वे करवाकर कार्य किया जाए तो और अधिक बढ़िया रहेगा, पब्लिक में इन कंपनियों के प्रति और भरोसा होगा। हम इस प्रस्तावित खनन क्षेत्र के पर्यावरण स्वीकृति की जनसुनवाई में जनता के प्रतिनिधि एडीएम महोदय अथवा जिला प्रशासन की तरफ से उनको मानते हैं, तो जनता की तरफ से इसमें विकास कार्यों हेतु बहुत सारे ज्ञापन आए हैं, उन पर कार्रवाई होगी अथवा नहीं होगी? जिला प्रशासन की तरफ से कंपनी को इनकी रिकमेंडेशन भेजी गई है अथवा नहीं भेजी? इस पर अभी जनता के सामने खुलासा होना चाहिए। ताकि हमें लगे कि जो अभी हमने आपके सामने डिमांड रखी है, वह पूरी भी होगी। कल की जनसुनवाई में भी यह बात आई थी कि कंपनी प्रतिनिधि आज जो बड़े–बड़े वादे कर रहे हैं कल को उन वादों से मुकर गए, तो हम अपनी बात किसे सुना सकते हैं? जिला प्रशासन इन कार्यों की जब रिकमेंडेशन भेजे, तो उसकी एक प्रति अथवा सूचना हमें भी उपलब्ध करवाई जाए, ताकि हमें भी भरोसा रहे कि जनता के हित में यह सभी कार्य हो रहे है। मेरा आपसे यह निवेदन है कि जनता ने विकास हेतु जो–जो कागज दिये है, उन विकास कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करवाये, ताकि जनता का विश्वास एवं भरोसा कम्पनी के प्रति, प्रशासन के प्रति बना रहे है। देवासियों की ढ़ाणियां, नायकों की ढ़ाणियां एवं जोगियों की ढ़ाणियां आदि, इनमें एक ढ़ाणियों का समूह होता है, इसमें उनकी खेती की जमीन तथा रहवासी ढ़ाणी भी वहीं है, अगर वह जमीन ले ली जायेगी, तो उनके रहवास पर संकट आ जायेगा, तो उनके पुनर्वास के लिए कम्पनी क्या करेगी? इसके सम्बन्ध में अपनी बात रखें।

एडीएम महोदय ने उपस्थित जन समुह से अपने अन्य कोई सुझाव अथवा शिकायत प्रस्तुत करने हेतु कहा।

श्री रामलाल खोजा, ग्राम पंचायत, डिडिया, ग्राम खेरवाड़ ने कहा कि अभी जिस प्रकार यहां लोगों ने बताया कि खेरवाड़, डिडिया आदि गांवों में विकास कार्य नहीं हुआ, तो मैं बताना चाहूंगा कि हमारे क्षेत्र में प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए का विकास कार्य हो रहा है, ईनाणा व मुंडवा में भी विकास कार्य हुए हैं, हमारे ग्राम खेरवाड़ में दो सीसी रोड, एक ब्लॉक सीसी रोड, दो–तीन तालाबों के सौंदर्यकरण, दो–तीन गार्डन, हाई मास्क लाइट आदि कार्य किए है। यहां यह जो भी बोल रहे हैं वह

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल,
नागौर (राज.)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
नागौर (राज.)

लोग भी अपने काम करवाते हैं तथा सामने भी आते हैं। हमें अपने सिस्टम का ध्यान रखना चाहिए कि अपना काम सिस्टम से हो, और काम तो इन्हें करवाना ही पड़ेगा क्योंकि हमारी ही जमीन है, तो हमारे ही पैसे हैं और हमारे लिए ही वापस लगा रहे हैं। क्योंकि हमारी ही जमीन खोदकर यह पैसा कमाएंगे। अंबुजा के विकास की गारंटी है कि यह जो भी काम करवाएंगे, वह काम मजबूती से होगा। इसमें करप्शन का काम बिल्कुल नहीं है। हर एक चीज की फोटोग्राफी होगी। कंपनी विकास तो करवाती ही है, इसी के साथ जनता का भी ध्यान रखना चाहिए तथा किसानों को दबाने का काम भी नहीं करना चाहिए, किसानों के साथ चलकर विकास के काम करने चाहिए।

श्री अनिल बारूपाल, ग्राम डेह ने कहा कि हमें ऐसा अंदेशा है कि कहीं हमारी बात डिलिट अथवा विलोपित नहीं कर दिया जाये, तो उसके हमारी यह मांग रहेगी कि यहां हो रही विडियोग्राफी की एक कॉपी हमारे पेनडाईव में हमें उपलब्ध करवाई जाये।

एडीएम महोदय ने अंबुजा कम्पनी के प्रतिनिधि से आम जन से आये प्रश्नों, सुझावों एवं शिकायतों पर अपनी बात रखने हेतु कहा।

श्री चेतन रावल, यूनिट हेड, अंबुजा सीमेंट ने कहा कि जन समुह द्वारा बहुत अच्छे सुझाव आये है, इनमें एक अच्छी बात यह लगी कि लोगों के पर्यावरण एवं पौधारोपण के बारें में सब के बारें में अच्छे सुझाव आये। सरकार भी एक बार कुछ नया सिखती है, 2025 के दो नोटिफिकेशन आये है। जनसुनवाई में जो भी सुझाव आये है, यह प्रक्रिया कार्यवाही का हिस्सा तो होती ही है, परन्तु पहले इसे ईसी में नहीं लिखा जाता था एवं हमें निर्देशित भी नहीं करते थे। लेकिन अभी जो ईसी आयेगी उसमें सभी चीजें लिख कर आती है, अतः आप निश्चित रहे। अगर आपको कभी लगे कि किसी कार्य में हमने पालना नहीं की है तो हमेशा सरकार रहेगी, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय जा सकते है। मैं मेरी तरफ से आश्वासित कर सकता हूं कि हमें जो कार्य करने है, विकास हेतु, पर्यावरण के लिए पौधारोपण आदि। अंबुजा सीमेंट 40 साल से भारत में काम कर रही है, इन 40 सालों में अंबुजा का काम एवं उससे ज्यादा अंबुजा के फाउण्डेशन के काम का नाम है। तो निश्चित रहे जो शंकाऐं आपकों दूसरी कम्पनियों से है, वह हमारे साथ नहीं होगी तथा हम कोशिश करेंगे कि जो भी छोटी–मोटी त्रुटियां रही है, उन पर सुधार करेंगे।

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल,
नागौर (राज.)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
नागौर (राज.)

एडीएम महोदय ने कहा कि जनता द्वारा अनेकों सुझाव, उनके विचार आये है। कई बार जब हम काम करते है, तो ऋटियां होती है, गलतियां होती है, व्यक्ति गलतियों का पुतला होता है, गलतियों से जो सिखता है, वह इन्सान है, लेकिन जो नहीं सिखता है, उसके इन्सान होने पर संदेह उत्पन्न होता है। अतः हम हमारी पुरानी गलतियों से सीखें एवं अपने किये गये वादें पूरे करें, तो लोग आपकी बात पर यकीन करेंगे। क्योंकि कोई प्लांट केवल 2 साल के लिए नहीं बल्कि 100 साल के लिए स्थापित होते है तथा माईनिंग भी केवल 2 साल नहीं बीसों साल तक होती है, तब जाकर विकास होता है। आप द्वारा इस जन सुनवाई में जो भी बात रखी है, उसकी विडियो रिकॉर्डिंग होती है तथा लिखित में भी रिकॉर्डिंग होती है, जिसकी आप प्रतिलिपि भी ले सकते है। जिसके सम्बन्ध में हमें क्षेत्रीय अधिकारी महोदय अवगत करवायेंगे।

क्षेत्रीय अधिकारी महोदय ने कहा कि आप द्वारा परियोजना के सम्बन्ध में जो भी सुझाव दिये गये है, वह सभी हमारे द्वारा नोट किये गये है तथा साथ ही इसकी विडियोग्राफी भी करवाई गई है। अगर आपको इसकी विडियोग्राफी अथवा मीनट्स (कार्यवाही विवरण) की कॉपी चाहिए तो सूचना के अधिकार के तहत वह ले सकते है। अगर आप पेनड्राईव देंगे तो पूरा विडियों हम आपको उसमें उपलब्ध करवा देंगे। पूर्व में श्री शैतानराम जी ईनाणियां ने ली है, जो हमारे द्वारा उपलब्ध करवाई गई है।

एडीएम महोदय द्वारा उपस्थित जन समुदाय का जन सुनवाई में आने के लिए आभार प्रकट करते हुए कहा कि भविष्य में कभी भी आपको जन सुनवाई में आने का मौका मिले, किसी भी कम्पनी के लिए जन सुनवाई हो, तो मेरा निवेदन रहेगा कि आप लोग जन सुनवाई में जरूर आये, क्योंकि जन सुनवाई में आकर जब आप बोलते है, तब वह बात रिकॉर्ड होती है, वह कागजों में भी लिखी जाती है एवं कैमरें में भी हमेशा रहेगी। वह जिम्मेदारी होती है जो भी कम्पनी माईनिंग करती है अथवा ऑक्शन में भाग लेती है, वह प्रतिबद्ध होती है कि जनता की क्या मांग आई। कम्पनी का सामाजिक उत्तरदायित्व एवं पर्यावरण के प्रति उत्तरदायित्व वो निभाना ही पड़ता है, जब नहीं निभायेगी तो यहीं आपकी मांग एवं यह रिकॉर्डिंग ही काम आयेगी। जनता एवं कम्पनी के मध्य की वार्तालाप में राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल एवं प्रशासन के व्यक्ति साक्ष्य रहते है, अतः हम आपके साक्षी है। आप सभी

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल,
नागौर (राज.)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
नागौर (राज.)

से प्राप्त सुझावों से हमें, कम्पनी तथा अन्य कम्पनियों को भी अच्छे कार्य करने की प्रेरणा मिलती है।

क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा उपस्थित जन–मानस से प्रस्तावित खनन परियोजना के सम्बन्ध में अपने आक्षेप/सुझाव/आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु पुनः निवेदन किया गया। अन्त में अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट महोदय की अनुमति से क्षेत्रीय अधिकारी ने जनसुनवाई के समापन की घोषणा की एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट महोदय तथा उपस्थित जन समुदाय का जन सुनवाई में आने के लिए आभार प्रकट किया। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि जनसुनवाई से पूर्व, जनसुनवाई के दौरान एवं जनसुनवाई के पश्चात ग्राम पंचायत, ग्रामवासियों व उपस्थित जन–समुह द्वारा लिखित में प्रस्तुत आक्षेप/सुझाव/आपत्ति **परिशिष्ट "स"** पर सलंग्न है।

श्री राजकुमार मीणा,
क्षेत्रीय अधिकारी,
रा.रा.प्र.नि.म., नागौर

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल,
नागौर (राज.)

श्री चंपालाल जीनगर,
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट,
नागौर

अतिरिक्त जिला कलक्टर
नागौर (राज.)

उपस्थिति पंजिका

चूना–पत्थर खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आयोजित जनसुनवाई में आप सभी का हार्दिक स्वागत है।

चूना–पत्थर खनन परियोजना मैसर्स अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड, ब्लॉक नंबर– HPB20, प्रस्तावित क्षेत्र– 547.5512 हेक्टेयर, प्रस्तावित उत्पादन क्षमता के साथ–3.00 मिलियन टीपीए, निकट गांव– हरीमा, सरासनी एवं सोमणा, तहसील– डेह एवं नागौर, जिला– नागौर (राज.) में स्थित है।

स्थानः– राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, सरासनी, तहसील– नागौर, जिला नागौर

दिनाँकः **06.02.2026,** समयः **सायं 04:00 बजे**

क्र.म.	नाम	पता	हस्ताक्षर
1	चम्पालाल जीनगर	ADM	[signature]
2	Rajkumar Meena	R.O. RSPCB, Nagaur	[signature]
3	Chetan Rawal	Unit Head - ACL	[signature]
4	JITENDRA KUMAWAT	HEADMINES - ACL	[signature]
5	Dr. Hari Prasad	Ambuja Cement Mundwa	[signature]
6	Tushar R. Sahoo	Ambuja Cement Ltd.	[signature]
7	Sanjeev kr Singh	ACL	[signature]
8	Rajat	SDO jayal	[signature]
9	Narsingh	TDR Ngs	[signature]
10	Hari Ram saran	ILR Bhadana	[signature]
11	Ravindra	Patwari Harima	[signature]
12	Hemant Kumar	AEE, RSPCB RO Nagaur	[signature]
13	Rajveer Bhakar	G.A.	[signature]
14	Tej Kumar Panday	ACL	[signature]
15	RISHIRAJ SINGH RATHORE	AMBUJA CEMENTS LTD.	[signature]
16	Prashant Ranga	ACF- Mundwa	[signature]
17	Sharwan Kumar	Acl	[signature]
18	K.S. Yadav	J.M. Enviro	[signature]
19	Hansraj Nagaura	RSPCB	[signature]
20	Hari Soni	J.M. EnviroNet Pvt. Ltd.	[signature]
21	Samanya Singh	J.M. Environet Pvt	[signature]
22	GIRISH	Mundwa	[signature]

उपस्थिति पंजिका

चूना–पत्थर खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आयोजित जनसुनवाई में आप सभी का हार्दिक स्वागत है।

चूना–पत्थर खनन परियोजना मैसर्स अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड, ब्लॉक नंबर– HPB20, प्रस्तावित क्षेत्र– 547.5512 हेक्टेयर, प्रस्तावित उत्पादन क्षमता के साथ–3.00 मिलियन टीपीए, निकट गांव– हरीमा, सरासनी एवं सोमणा, तहसील– डेह एवं नागौर, जिला– नागौर (राज.) में स्थित है।

स्थानः– राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, सरासनी, तहसील– नागौर, जिला नागौर

दिनाँकः **06.02.2026,** समयः **सायं 04:00 बजे**

क्र.म.	नाम	पता	हस्ताक्षर
23.	Dayaram	Sarasani	
24.	Ram Chandra	Sarsani	रामचन्द्र
25.	Shailendra Singh	Sarasani	
26.	Shalendra	Sarasani	Shy
27.	Ganpat	Sarasani	गणपत
28	Ram Chandr	Sarasani	
29.	Suresh	Sarasani	Suresh
30.	~~Deepak~~ Data Singh	Sarasani	उदाराम
31.	Deepak	Sarasani	Deepak
32.	Harender	Palri jodha	Hup
33.	Sharvan Kumar	Mundwa	Sharvan
34.	Pratima Kaushik	Sarasani	Pratima
35.	अन्ना राम	सरासनी	
36.	गणेशाराम	फागली	गणेश
37.	कैलाशचन्द्र	सरासनी	कैलाश चन्द्र
38.	[illegible]	सरासनी	[illegible]
39.	अर्जुनराम	सरासनी	
40.	सुनिता मान्डु	सरासनी	सुनित
41.	करण मान्डु	सरासनी	Karan
42.	रवि नाथ	सरासनी	Ravi
43.	प्रकाश	सरासनी	प्रकाश
44.	राजेश	डेह	राजेश

उपस्थिति पंजिका

चूना–पत्थर खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आयोजित जनसुनवाई में आप सभी का हार्दिक स्वागत है।

चूना–पत्थर खनन परियोजना मैसर्स अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड, ब्लॉक नंबर– HPB20, प्रस्तावित क्षेत्र– 547.5512 हेक्टेयर, प्रस्तावित उत्पादन क्षमता के साथ–3.00 मिलियन टीपीए, निकट गांव– हरीमा, सरासनी एवं सोमणा, तहसील– डेह एवं नागौर, जिला– नागौर (राज.) में स्थित है।

स्थानः– राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, सरासनी, तहसील– नागौर, जिला नागौर

दिनाँकः **06.02.2026,** समयः **सायं 04:00 बजे**

क्र.म.	नाम	पता	हस्ताक्षर
45.	Praveen Kala	Deh	Pravkala
46.	श्रवण	हरीमा	Chetan
47.	सोना राम	सरासनी	
48.	रामेश्वर	सरासनी	रामे
49.	सुभाष	सरासनी	सुभाष
50.	मूलाराम	सरासनी	मूला
51.	मंजु	सरासनी	
52.	छोटी	सरासनी	
53.	रामचन्द्र	सोमणा	रामे
54.	Suresh	Katiyasan	सुरेश
55	अनुराधा	सिरासनी	
56	जमकू	सरासनी	
57	भावना	सरासनी	
58	प्रकाश डोगीवाल	ग्राम तामणा	प्रकाश
59	मांगीलाल	सोमणा	मांगीलाल
60	सुल्तानसिंह	रवतीलाव	सुल्तानसिंह
61	रामेश्वरलाल	सरासनी	रामेश्वरलाल
62	Maheswar Singh	Jmaira	Mun
63	Mahendra nath	sarasani	Mahendra nath
64	Dheerendra	सरासनी	
65	राजेन्द्र सिंह	सरासनी	
66	भंवर सिंह	"	भंवर

उपस्थिति पंजिका

चूना–पत्थर खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आयोजित जनसुनवाई में आप सभी का हार्दिक स्वागत है।

चूना–पत्थर खनन परियोजना मैसर्स अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड, ब्लॉक नंबर– HPB20, प्रस्तावित क्षेत्र– 547.5512 हेक्टेयर, प्रस्तावित उत्पादन क्षमता के साथ–3.00 मिलियन टीपीए, निकट गांव– हरीमा, सरासनी एवं सोमणा, तहसील– डेह एवं नागौर, जिला– नागौर (राज.) में स्थित है।

स्थानः– राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, सरासनी, तहसील– नागौर, जिला नागौर

दिनाँकः **06.02.2026,** समयः **सायं 04:00 बजे**

क्र.म.	नाम	पता	हस्ताक्षर
67	भवानी सिंह	सरासनी	[illegible]
68	बाबूलाल	सरासनी	बाबूलाल
69	भंवर सिंह	सरासनी	BSRathore
70	शेरसिंह	सरासनी	शेरसिंह
71	छोटि देवी	सरासनी	
72	संतोष	सरासनी	
73	गीता	सरासनी	गीता
74	शान्ता	सरासनी	
75	गोविंद	सरासनी	गोविन्द
76	प्रेमा राम	सरासनी	प्रेमाराम
77	आईदाराम	सरासनी	आईदानराम
78	दिनेश नाथ	सरासनी	दिनेश नाथ
79	अभिषेक	नागौर	[illegible]
80	[illegible]	सरासनी	[illegible]
81	मूलाराम	सरासनी	मूलाराम
82	अनिल कश्यपाल	डेह	[illegible]
83	[illegible]	हरीमा	[illegible]
84	तेजाराम	डेह	तेजाराम
85	भंवरसिंह	सरासनी	[illegible]
86	नारसिंराम	सोमणा	जानसिंह
87	भीकाराम	सरासनी	भीकाराम
88	मूलाराम	गगवाना	मूलाराम

उपस्थिति पंजिका

चूना–पत्थर खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आयोजित जनसुनवाई में आप सभी का हार्दिक स्वागत है।

चूना–पत्थर खनन परियोजना मैसर्स अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड, ब्लॉक नंबर– HPB20, प्रस्तावित क्षेत्र– 547.5512 हेक्टेयर, प्रस्तावित उत्पादन क्षमता के साथ–3.00 मिलियन टीपीए, निकट गांव– हरीमा, सरासनी एवं सोमणा, तहसील– डेह एवं नागौर, जिला– नागौर (राज.) में स्थित है।

स्थानः– राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, सरासनी, तहसील– नागौर, जिला नागौर

दिनाँकः **06.02.2026,** समयः **सायं 04:00 बजे**

	क्र.म.	नाम	पता	हस्ताक्षर
89	1	Shiv Prasad Gm	Mundwa	
90	2	जयराम नाथ	सरासनी	Jai Ram
91	3	मुन्नानाथ	हरीमा	
92	4	दामोदर प्रसाद सपरवा	थेहरा	Damodar
93	5	राकेश बाना	अठवाणा	
94	6	हरेन्द्र	[illegible]	
95	7	GARIB Ram	inana	
96	8	Bharmal Chowdhary	RoPRese	
97	9	Ramlal	Sarasni	Ramlal
98	10.	Shiv Nath	Sarasani	
99	11	PREM Pal Sharma		
100	12.	Mor Nath	Sarasani	
101	13.	Sugar Nath	Harima	
102	14.	Manaram	Sarsani	ManaRam
103	15.	Kana Ram	Sarsani	
104	16.	Bhawani Singh	Sarasani	
105	17.	Moji Ram	Sarasani	मोजीराम
106	18.	Pratap Ram	Sarasani	प्रतापराम
107	19.	Om Nath	Sarasani	
108	20.	Chain Singh	Sarasani	चैन सिंह
109	21.	Bhavani Singh	Sarasani	भवानी सिंह
110	22.	Sarwan Ram	Sarasani	

उपस्थिति पंजिका

चूना–पत्थर खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आयोजित जनसुनवाई में आप सभी का हार्दिक स्वागत है।

चूना–पत्थर खनन परियोजना मैसर्स अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड, ब्लॉक नंबर– HPB20, प्रस्तावित क्षेत्र– 547.5512 हेक्टेयर, प्रस्तावित उत्पादन क्षमता के साथ–3.00 मिलियन टीपीए, निकट गांव– हरीमा, सरासनी एवं सोमणा, तहसील– डेह एवं नागौर, जिला– नागौर (राज.) में स्थित है।

स्थानः– राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, सरासनी, तहसील– नागौर, जिला नागौर

दिनाँकः **06.02.2026,** समयः **सायं 04:00 बजे**

क्र.म.	नाम	पता	हस्ताक्षर
111	दिनेश बाजिया	खेतोलाव	दिनेश बाजिया
112	खेतसिंह परिहार	खेतोलाव	K Singh
113	मांगाराम	सरासनी	मांगाराम
114	त्रिलोक नाथ	सरासनी	
115	भरत नाथ	हरीमा	Bharat
116	Kugh	हरीमा	Kugh

उपस्थिति पंजिका

चूना–पत्थर खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आयोजित जनसुनवाई में आप सभी का हार्दिक स्वागत है।

चूना–पत्थर खनन परियोजना मैसर्स अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड, ब्लॉक नंबर– HPB20, प्रस्तावित क्षेत्र– 547.5512 हेक्टेयर, प्रस्तावित उत्पादन क्षमता के साथ–3.00 मिलियन टीपीए, निकट गांव– हरीमा, सरासनी एवं सोमणा, तहसील– डेह एवं नागौर, जिला– नागौर (राज.) में स्थित है।

स्थानः– राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, सरासनी, तहसील– नागौर, जिला नागौर

दिनाँकः **06.02.2026,** समयः **सायं 04:00 बजे**

क्र.म.	नाम	पता	हस्ताक्षर
117	Shiv Prasad Gaur	Land mundwa	
118	Harsingh Ram	Land Dept	
119	Shiv Yami	land Dept - Mundwa	
120	Ankit Agrawal	Ambuja - Mundwa	
121	DIGVIJAY RAWAT	Ambuja Cement Ltd	
122	Mayur B. Potkatare	Ambuja Cements Ltd	Mayur
123	Dinesh Kumar	PSH mundwa	

आज का राशिफल गुरुवार, 01 जनवरी, 2026

पंडित मुकेश भारद्वाज, ज्योतिर्विद व वास्तुविद्

सूर्यास्त: आज शाम 05:52 बजे | चन्द्रोदय: आज दोपहर 2:39 बजे
सूर्योदय: कल सुबह 07:25 बजे | चन्द्रास्त: आज रात 03:55 बजे

मेष — **उत्साहित और प्रफुल्लित दिखाई देंगे।** व्यवहार और सोच में बदलाव के लिए कृत संकल्पित हो सकते हैं। दिन में कार्य धीमी गति से चलेंगे। मेल मुलाकातों में दिन व्यतीत हो सकता है।

वृषभ — **अच्छे और बुरे सभी तरह के लोगों से मुलाकात होगी।** व्यवहार को संयमित रखना होगा। अति उत्साह से बचें। प्रतियोगिता में आगे रहने के लिए किए जा रहे प्रयासों को मित्रों की मदद मिलेगी।

मिथुन — **आनंद और प्रेम के साथ सभी चीजों को अनुभव करेंगे।** नए लोगों का साथ जीवन में बदलाव लाएगा। दूर दृष्टि के साथ फैसले लेने होंगे। आर्थिक तौर पर थोड़ी चिंताएं रह सकती हैं।

कर्क — **कार्य कुशलता बढ़ेगी।** जिम्मेदारियां के साथ आनंदित होने के अवसर मिलेंगे। मनोरंजन और पर्यटन के क्षेत्र से जुड़ाव बढ़ने की संभावना है। व्यवसायिक लाभ मिलने की संभावना है।

सिंह — **भावनात्मक तौर पर परिपूर्ण दिखाई देंगे।** सभी का साथ आनंदित करेगा। कार्यों के प्रति रुचि थोड़ी कम रह सकती है। मनोरंजन और मेलजोल में दिन बीतने की संभावना है।

कन्या — **सामूहिक आयोजनों का हिस्सा हो सकते हैं।** निराशा को मन से हटाना होगा। छोटे-छोटे लक्ष्य शीघ्रता से हासिल हो सकते हैं। शेयर बाजार से लाभान्वित होने के योग बन रहे हैं।

तुला — **नई और पुरानी टीम के बीच सही संतुलन बनाने में सफल रहेंगे।** कार्यों को प्रशंसा मिलेगी। सकारात्मक रुख के साथ दिन का आनंद उठाएंगे। धन की उपलब्धता रहेगी।

वृश्चिक — **नए संबंधों में अपनी अलग पहचान बनाने में सफल रहेंगे।** पुराने अनुभवों का लाभ मिलेगा। व्यावसायिक गतिविधियों के लिए समय निकालना थोड़ा मुश्किल रहेगा।

धनु — **आशा और विश्वास से परिपूर्ण दिखाई देंगे।** किसी खास सार्वजनिक कार्यक्रम का हिस्सा हो सकते हैं। मेल-जोल बढ़ाने और प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

मकर — **निस्वार्थ भाव से सामाजिक गतिविधियों से जुड़ेंगे।** लोगों की प्रशंसा और सम्मान मिलने से प्रसन्न रहेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना होगा। विलासिता पर बचत खर्च हो सकती है।

कुंभ — **व्यवस्थाओं पर नियंत्रण बनाने के लिए मेहनत करेंगे।** राजनीति से जुड़े लोगों को संपर्क बढ़ाने के अवसर मिलेंगे। किसी खास लक्ष्य की पूर्ति होने के योग बन रहे हैं।

मीन — **कार्य दक्षता बढ़ानी होगी।** साथी कर्मियों की लापरवाही या धीमी प्रगति से कार्यस्थल पर थोड़ा तनाव रह सकता है। नए संकल्पों को करने और दूर दृष्टि के साथ आगे बढ़ने का दिन है।

ग्रह-नक्षत्र

शुभ वि. सं:	2082	हिजरी संवत :	1447	ऋतु:	शिशिर ऋतु
संवत्सर का नाम:	सिद्धार्थ	मु.मास:	रज्जब 11	मास:	पौष
शाके संवत:	1947	अयन:	उत्तरायण	पक्ष:	शुक्ल

आज का दिन

गुरुवार, 01 जनवरी, 2026

सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति

11 रा	10	9 सू मं शु बु
12 श		8
1	3 गु.	7
2 चं	4	6
		5 के.

श्रेष्ठ चौघड़िया: आज शुभ का चौघड़िया सूर्योदय से 8.38 तक रहेगा। चर का चौघड़िया 11.13 से 12.30 तक रहेगा, लाभ व अमृत के चौघड़िए 12.30 से 3.05 तक रहेंगे।

तिथि: त्रयोदशी तिथि रात्रि 10.23 तक होगी, तदुपरांत चतुर्दशी तिथि होगी।

दिशाशूल: आज दक्षिण दिशा में दिशा शूल रहेगा।

राहु काल वेला: (मध्यमान से) दिन 1.30 से 3.00 तक रहेगा।

नक्षत्र: रोहिणी नक्षत्र रात्रि 10.48 तक होगा, तदुपरांत मृगशिरा नक्षत्र होगा।

योग: शुभ योग सायं 5.13 तक रहेगा, तदुपरांत शुक्ल योग रहेगा।

करण: कौलव करण दिन 12.05 तक रहेगा, तदुपरांत तैतिल करण रहेगा।

विशिष्ट योग: रवियोग रात्रि 10.48 से प्रारंभ।

व्रत/दिवस विशेष: प्रदोष व्रत, नववर्ष दिवस, ईस्वी सन् 2026 प्रारंभ, रोहिणी व्रत (जैन)।

चंद्रमा: आज संपूर्ण दिन रात्रि वृष राशि में होगा।

आज जन्म लेने वाले बच्चे: आज जन्म लेने वाले बच्चों की राशि वृष होगी। रात्रि 10.48 तक जन्म लेने वाले बच्चों का रोहिणी नक्षत्र होगा, तदुपरांत मृगशिरा नक्षत्र होगा। इन बच्चों का स्वर्ण पाद होगा। इनके प्रथम नामाक्षर वा, वी, वु, वे, वो पर रखे जा सकते हैं। वृष राशि के स्वामी शुक्र हैं। वृष राशि में जन्मे बच्चे सौम्य स्वभाव, सहनशील, धैर्यवान, शीतल स्वभाव वाले, कलात्मक, रसिक प्रवृत्ति वाले, तेजस्वी, संघर्षशील, दयालु, कृतज्ञ, ऐश्वर्य युक्त, आभूषण आदि अलंकरण प्रिय होते हैं।

मौसम का मिजाज बदला, दो दिन मूंग खरीद बंद

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

मूण्डवा . मूंग खरीद केंद्र पर गुणवत्ता की जांच करते जीएम व अध्यक्ष।

मूण्डवा. बुधवार को बादलों की आवाजाही रही। शाम होने तक मौसम का मिजाज बदल गया। हल्की बूंदाबांदी से मौसम में ठंडक घुल गई। मूण्डवा में क्रय विक्रय सहकारी समिति के खरीद केंद्र पर दिन भर किसानों की भीड रही। केंद्र के जीएम विजयपाल भाकर व समिति के अध्यक्ष प्रेमसुख कड़वासरा ने मूंग की गुणवत्ता की जांच कर किसान से चर्चा की। अध्यक्ष कड़वासरा ने बताया कि मौसम खराब होने के कारण गुरुवार व शुक्रवार को खरीद केन्द्र पर अवकाश रहेगा। इसलिए एक व दो जनवरी को जारी टोकन की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मूंग तुलाई आगामी दिनों में की जाएगी। गौरतलब है कि इस सप्ताह प्रतिदिन सौ किसानों को मूंग तुलवाई के लिए बुलाने के मैसेज जारी हो गए थे। खराब मौसम के कारण सैंकड़ों किसानों को परेशानी नहीं हो इसलिए समिति ने दो दिन अवकाश रखा है।

फसल बीमा राशि समय पर दिलाने की मांग

तरनाऊ. नागौर व डीडवाना-कुचामन क्षेत्र में किसानों की ओर से ज्ञापन सौपने के बाद बीमा प्रक्रिया शुरू हुई है। किसान एकता संगठन के नानूराम डूडी ने बताया कि बीमा कंपनियां फसल बीमा क्लेम 2023 को समय पर नहीं दे रही हैं। खराब फसल होने के बावजूद कई किसान क्लेम से वंचित रह गए। इस समस्या को लेकर किसानों ने आठ एसडीएम कार्यालयों में ज्ञापन सौंपा था, जिससे बीमा प्रक्रिया शुरू हुई। जानकारी में आया है कि कुछ गांवों में किसानों को केवल 20 प्रतिशत, 28 प्रतिशत या 40 प्रतिशत तक ही बीमा राशि दी जा रही है, जो वास्तविक नुकसान के मुकाबले काफी कम है। डूडी ने बताया कि आगामी दो दिनों में जिला कलक्टर, डीडवाना से मिलकर फसल बीमा में हुई विसंगतियों, उचित और न्यायसंगत बीमा राशि दिलाने और बीमा कंपनियों की मनमानी रोकने जैसे मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की बैठक

बड़ी खाटू कस्बे में काँग्रेस की बैठक में उपस्थित पार्टी के कार्यकर्ता।

